

Patna University In News (19.09.2022)

दैनिक जागरण

पटना विश्वविद्यालय के सीनेट की बैठक नवंबर में

पटना : पटना विश्वविद्यालय के सीनेट की वार्षिक बैठक नवंबर में होगी। विश्वविद्यालय स्तर पर इसकी तैयारी शुरू हो गई है। सीनेट की बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट पर चर्चा होगी। बजट बनाने का काम शुरू हो गया है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार बजट के अलावा अन्य एजेंडा भी तैयार किया जा रहा है, जिस पर सीनेट की बैठक में चर्चाएं होंगी। सीनेट की बैठक की तिथि जल्द तय कर ली जाएगी। (जासं)

दैनिक भास्कर

पटना विश्वविद्यालय

पीजी में नामांकन के लिए फर्स्ट मेरिट लिस्ट जारी

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पटना विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर स्तर के सभी नियमित विषयों में नामांकन के लिए फर्स्ट मेरिट लिस्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। सभी चयनित आवेदक अपने एप्लीकेशन आईडी और पासवर्ड की मदद से पोर्टल पर लॉगइन कर अपना अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड कर सकेंगे। काउंसिलिंग शुल्क ऑनलाइन जमा करने के बाद पेमेंट स्लिप के साथ एप्लीकेशन फॉर्म का प्रिंट, अलॉटमेंट लेटर और सभी संबंधित प्रमाणपत्रों (मूल एवं फोटोकॉपी) के साथ सुबह 10.30 बजे से 4.30 बजे शाम के बीच छात्रों को 19 सितंबर से 21 सितंबर तक संबंधित विभाग में जाकर अपना पेपर वेरिफिकेशन कराना होगा। इसके बाद उनका नामांकन होगा। 21 सितंबर की शाम 4.30 बजे तक यदि कोई चयनित आवेदक अपना नामांकन नहीं कराते हैं तो उनका दावा स्वतः समाप्त समझा जाएगा।